वर्ष - 1 | अंक - 4 | फरवरी 2021

E-News Letter

# रतलाम
## नगर पालिक निगम

# आने वाले पाँच वर्षों में गरीबों को आवास बनाकर दिये जायेगे - श्री चौहान



**प्रदेश के खजाने पर पहला हक प्रदेश के गरीबों का हैं लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने का कार्य किया जायेगा मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रतलाम में दी अनेकों सौगाते** पेज (2,3) पर जारी

## रतलाम स्थापना दिवस बसंत पंचमी पर उत्साह, उमंग के साथ मनाया गया।





16 फरवरी मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे नगर निगम तिराहे पर रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर रतलाम स्थापना से आज तक पर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया व आतिशबाजी कर मिठाई का वितरण किया गया ।बुधवार को दोपहर 03:00 बजे जेएमडी पैलेस पर संगोष्ठी (परिचिर्चा) विषय – मेरा रतलाम (प्रगति के पथ पर) का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप रहे | पेज (4,5) पर जारी

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिक निगम

# प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने रतलाम जिले के ग्राम डोसीगहृव में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास ई.डब्ल्यु.एस. से निर्मित १०१ आवासों में हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया।




इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आने वाले पॉच वर्षो में गरीबों को पक्के आवास बनाकर दिये जायेगें। किसी भी गरीब को कच्चे मकान में रहने नहीं दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के खजाने पर पहला हक प्रदेश के गरीबों का है। श्री चौहान ने कहा कि लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने के लिये ही मैं मुख्यमंत्री बना हूँ और लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाऊगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रतलाम जिले के लिये अनेके सौगातों की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 01 जुलाई से रतलाम शहर में हर घर में पीने का पानी पहूँचाया जायेगा। जिले में 1800 हेक्टेयर जमीन पर कल–कारखाने लगाये जायेगे। जिले वासियों को इन कारखानों से रोजगार की प्राप्ति होगी। प्रधानमंत्री आवास का लाभ प्राथमिकता से हितग्राहियों को दिया जायेगा। जिले में मध्यमवर्गीय लोगों के लिये तीन हजार आवास दो करोड पचास हजार की लागत से बनाये जायेगें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीवरेज के लिये एक सौ पन्द्रह करोड़ की राशि खर्च की जायेगी। अण्डर ग्राउण्ड नालियॉ जून माह तक पूरी कर ली जायेगी। रतलाम जिले में एक सौ छब्बीस करोड की लागत से आन्तरिक सड़के बनायी जायेगी। 128 करोड की लागत से जिला चिकित्सालय का आधुनिकरण एवं आडोटोरियम का निर्माण किया जायेगा। शासकीय आवास बनाकर मेडिकल कॉलेज में आवास की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। 150 करोड़ की लागत से व्यवसायिक काम्पलेक्स, सब्जी मार्केटआदि बनाया जायेगा। इसके अलावा 22 करोड़ की लागत से अमृत सागर झील का सौन्दर्यीकरण किया जायेगा।




मुख्यमंत्री ने कहां कि हनुमान ताल के सौन्दर्यीकरण का कार्य 4 करोड़ की राशि से किया जायेगा। आगामी दिनों में 25 करोड़ की राशि सडक निर्माण, 22 करोड की राशि से ट्रांसपोर्ट नगर बनाये जायेगे। उन्होने कहा कि स्टेट वेण्डरों को 10 हजार रूपये की राशि का ऋण दिया जायेगा जिससे वे अपना स्वरोजगार कर सकेगें। श्री चौहान ने कहा कि रतलाम जिले के विकास के लिये कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगें। उन्होने इस अवसर पर सभी लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया एवं मौके पर ही प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को आवास की चाबी प्रदान की। उन्होंने दीनदयाल योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किये तथा अमृत सागर सौन्दर्यीकरण योजना के अंतर्गत चार करोड़ रूपये की राशि का प्रमाण पत्र नगर निगम आयुक्त को प्रदान किया।




मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहां कि चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद यह पहला अवसर हैं जब वह रतलाम जिले में आये है। क्षेत्र की जनता ने मुझे अपना प्यार एवं आशीर्वाद दिया है। जनता के लिये भले ही मेरी जान चली जाये लेकिन मैं जनता के आत्म विश्वास को टुटने नहीं दुंगा। जनता के जीवन को संवारने के लिये शासन एक लक्ष्य बनाकर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 33 लाख नये गरीबों के नाम राशनकार्ड में जोडे गये हैं। अब इन गरीबों को एक रूपये किलो के मान से चावल एवं गेंहु प्रदान किया जा रहा है। रतलाम जिले में पात्रता पर्ची में 13 हजार नये नाम जोडे गये है। उन्हें भी राशन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहां कि गरीबों का राशन खाने वालों पर कडी कार्यवाही की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहां कि बेटी का मान–सम्मान सबसे पहले है यदि कोई इनके साथ गलत व्यवहार करेगा तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहां के कोरोना समाप्ति के पश्चात मुख्मयंत्री कन्यादान योजना में पुनः गरीबों की बेटियों के विवाह कराये जायेगे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत हितग्राहियों को 60 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार एवं 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। इसयोजना के तहत पॉच लाख रूपये तक का ईलाज निजी एवं शासकीय चिकित्सालयों में किया जा रहा है। इस योजना के तहत दो करोड़ लोगों के कार्ड बनाये गये है।

मुख्यमंत्री ने कहां कि उनका लक्ष्य प्रदेश के लोगों को रोटी–कपड़ा एवं रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होने कहा कि हाल ही में उन्होंने किसानों के 550 करोड़ रूपये की राशि के ब्याज माफ किया हैं। 78 लाख किसानों के नाम किसान सम्मान योजना की सूची में जोड़कर केन्द्र सरकार को भिजवाया है। उन्होंने बताया कि तीन कृशि कानून किसानों के हित में है।

मुख्यमंत्री ने कहां कि उनका लक्ष्य स्व सहायता समूह की महिलों को सशख्त बनाकर उनकी आमदनी बढाना है। अब समूह की महिलाऐं स्कूल के बच्चों की ड्रेस सिलेगी। पोषण आहार बनायेगी। मुख्यमंत्री ने किसानों को आश्वसत करते हुए कहा कि हर किसान का गेंहु खरीदा जायेगा।

उन्होंने इस अवसर पर जिला प्रशासन को निर्देश दिये कि वे जिले में अवैध धंधा करने वाले माफियाओं एवं लोगों लुटने वाले चिटफण्ड कम्पनियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें। उनकी सम्पत्ति जप्त करें। मुख्यमंत्री ने कहां कि हर घर में नल योजना के माध्यम से जल पहूँ चाना मेरा लक्ष्य है। सांसद श्री गुमानसिंह डामोर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान रतलाम जिले को नम्बर 1 का शहर बनायेगे। जिले में विकास की आपार सम्भावनाऐं है। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देते हुए विधायक श्री चेतन्य कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री ने रतलाम जिले के विकास के लिये पॉच साल का रोडमेप तैयार किया है। जिले को अनेको सौगाते दिलायी हैं। उन्होने कहा कि पूरा जिला मुख्यमंत्री का स्वागत कर रहा है।

कार्यक्रम में विधायक श्री राजेन्द्र पाण्डे, रतलाम ग्रामीण के विधायक श्री दिलीप मकवाना, पूर्व मंत्री श्री हिम्मत कोठारी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेन्द्रसिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईड़ा, श्री शैलेन्द्र डांगा, श्री अशोक चोटाला, श्री ईश्वरलाल पाटीदार, श्री मनोहर पोरवाल सहित जनप्रतिनिधिगण, बडी संख्या में आम जनता, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मिडिया के प्रतिनिधिगण, हितग्राहीगण मौजूद थें।

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिक निगम

# मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने डोसी गाँव में अनेक कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया




रतलाम 4 फरवरी । प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने गुरूवार को रतलाम जिले के डोसीगॉव में आयोजित कार्यक्रम में 414.98 करोड़ के कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत निर्मित 432 ई.डब्ल्यु.एस. आवास, 96 एम.आई.जी. आवास एवं 96 एल.आई.जी. फ्लेट्स का लोकार्पण किया। उक्त आवास की निर्माण राशि 55 करोड़ रूपये है। मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ की लागत से निर्मित मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास अंतर्गत सैलाना बस स्टेण्ड से दो बत्ती चौराहे तक फोरलेन रोड़ निर्माण का लोकार्पण किया। उन्होंने एक करोड़ 35 लाख रूपये की राशि से निर्मित अमृत योजना हरित क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत कालिका माता उद्यान के सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण किया। अमृत योजनान्तर्गत ही अमृत सागर उद्यान के सौन्दर्यीकरण के कार्यो का लोकार्पण किया इसकी लागत एक करोड़ 32 लाख रूपये हैं। उन्होने एक करोड़ 50 लाख रूपये से बने शहरी आवास भवन तथा 11 करोड़ की राशि से निर्मित 8 राजपत्रित, 12 अराजपत्रित एवं 48 आरक्षक आवास गृह का लोकार्पण किया।





मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 21 करोड़ की राशि से तालाब का पर्यावरणीय विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य का भूमि पूजन किया। उन्होने सालाखेडी में बनाये जाने वाले ट्रान्सपोर्ट नगर का, 150 करोड़ की राशि से गोल्ड पार्क, 23.57 करोड की राशि से बनाये जाने वाले बाजना रेल्वे पुल पर फोरलेन, आरोबी निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। मुख्यमंत्री ने 74.96 करोड़ की स्वर्णसागर बीबडोद आवासीय परियोजना एवं 43.28 करोड़ से बनाये जाने वाली रिंगरोड़ जो बंजली से मांगरोड़ फंटा मार्ग हैं उसके कार्य का भूमिपूजन किया। लोकार्पण एवं भूमिपूजन के कार्यक्रम के अवसर पर सांसद श्री गुमानसिंह डामोर, विधायक चेतन्य कश्यप, विधायक श्री राजेन्द्र पाण्डे, रतलाम ग्रामीण के विधायक श्री दिलीप मकवाना, पूर्व मंत्री श्री हिम्मत कोठारी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेन्द्रसिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईड़ा, श्री शैलेन्द्र डांगा, श्री अशोक चोटाला, श्री ईश्वरलाल पाटीदार, श्री मनोहर पोरवाल सहित जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

E-News Letter
रतलाम
नगर पालिक निगम

# नगर निगम व रतलाम स्थापना समिति ने धूमधाम से मनाया रतलाम स्थापना दिवस

## रतलाम नगर शीघ्र होगा झुग्गी मुक्त प्रत्येक झुग्गी वासी को मिलेगा फ्लेट दृश्री काश्यप रतलाम पुनः बनेगा मालवा का प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र फीता काटकर " रतलाम कल, आज और कल" प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



रतलाम नगर के प्रत्येक झुग्गीवासी व आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित फ्लेट दिये जाने के लिये हम कटिबद्ध है तथा इस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। झुग्गीवासियों को फ्लेट मिलने के बाद रतलाम नगर झुग्गी मुक्त होगा। उक्त उद्‌गार विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप ने नगर निगम रतलाम एवं रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में मनाये जा रहे रतलाम स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के अवसर पर व्यक्त किये। उन्होने कहा कि नगर का चंहुमुखी विकास तभी होगा जब शहर के प्रत्येकझुग्गीवासी, गरीब व आवासहीन परिवारों का अपना स्वंय का पक्का मकान हो। व्यक्ति के पास स्वंय का मकान होने पर स्वंयमेव ही उस परिवार का विकास होता है। प्रत्येक व्यक्ति का जब विकास होता है तो नगर का भी विकास होताहै। मा0 श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम नगर को पुनः मालवा का प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक केन्द्र बनाने के लिये तेजी कार्य किया जा रहा है जिससे नगर में उद्योग व व्यापार की अवधारणाऐं बन रही है। नगर में उद्योग लगने से नगरके युवाओं को अपने ही नगर में ही रोजगार उपलब्ध होगा व व्यापार बढ़ेगा। उन्होने कहा कि रतलाम राज्य की स्थापना बसंत पंचमी पर आज ही के दिन हुई थी हम सभी को मिलकर रतलाम के गौरव के लिये रतलाम नगर की वर्षगांठधूमधाम से मनाना चाहिये क्योंकि वर्षगांठ गौरव का विषय होता है। श्री काश्यप ने कहा कि यह बड़ी ही खुशी की बात है कि रतलाम स्थापना महोत्सव समिति व नगर निगम मिलकर रतलाम का स्थापना दिवस मना रही है, शासन, प्रशासनव जनसेवी संस्थाऐं मिलकर जो भी आयोजन करती है वह आयोजन सफल होता है रतलाम स्थापना दिवस उसी का सक्षम उदाहरण है।श्री काश्यप ने कहा कि सीवरेज एक कड़वी गोली है पर हमें इसे लेना होगी क्योंकि आज हम थोड़ी सी तकलीफ सह लेंगे तो आने वाले वर्षो में गंदे पानी की समस्या से मुक्त होने के साथ ही बीमारी एवं मच्छरों से भी मुक्त होंगे।



रतलाम स्थापना महोत्वस समिति के संयोजक श्री मुन्नालाल शर्मा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि जिस सोच के तहत रतलाम नगर बसाया था आज उसी सोच के तहत रतलाम दिन प्रतिदिन विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है साथ ही नगर साफ–स्वच्छ–सुन्दर भी बन रहा है। उन्होने इस अवसर पर नगर में चल रही विकास की योजनाओं से विस्तृत रूप से अवगत कराया।

उद्बोधन के पूर्व माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की तत्पश्चात नगर निगम तिराहे स्थित रतलाम राज्य के जनक रतनसिंह जी की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया। उद्बोधन पश्चात नगर निगम कार्यालय परिसर में '' रतलाम कल आज और कल'' प्रदर्शनी का शुभारंभ फीता काटकर किया।

## रतलाम शहर का सम्पूर्ण विकास ही हमारा लक्ष्य – विधायक काश्यप

### 'प्रगति के पथ पर मेरा रतलाम' विषय पर परिचर्चा आयोजित

रतलाम नगर शीघ्र होगा झुग्गी मुक्त प्रत्येक झुग्गी वासी को मिलेगा फ्लेट दृश्री काश्यप रतलाम पुनः बनेगा मालवा का प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र फीता काटकर '' रतलाम कल आज और कल'' प्रदर्शनी का किया शुभारंभ रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को 'प्रगति के पथ पर मेरा रतलाम' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता नगर विधायक ने कहा रतलाम शहर और नागरिकों का समुचित विकास ही हमारा लक्ष्य है। आने वाले कुछ सालों में रतलाम नगर महानगर की श्रेणी में खड़ा होगा।



# "वेटलैंड एण्ड वाटर" पर अमृत सागर उद्यान में जन-जागरूकता का कार्यक्रम

## स्वच्छता और जल संरक्षण आज की महती जरुरत विश्व वेटलैंड दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवियों ने नागरिकों से अमृतसागर तालाब को सहेजने का आव्हान किया




02 फरवरी । यह निर्विवाद सत्य है कि सभी जीवित प्राणियों की उत्पत्ति जल में हुई है। पानी के बिना जीवन जीवित ही नहीं रहेगा। इसी कारणवश अधिकांश संस्कृतियां नदी के पानी के किनारे विकसित हुई हैं इस प्रकार 'जल ही जीवन है' का अर्थ सार्थक है। पानी की बचत आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। विश्व झील दिवस के अवसर पर हमे संकल्प लेना चाहिए कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ ही प्राचीन जल स्त्रोंतो का भी संरक्षण करना और इन्हे सहजने में सभी की भागीदारी होना चाहिए। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के मार्गदशन में मंगलवार को विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर शहर के अमृतसागर बगीचे में नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उक्त विचार समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रतलाम स्वच्छता अभियान समिति के अध्यक्ष श्री अनोखीलाल कटारिया थे।




विशिष्ट अतिथि के तौर पर शहर के वरिष्ट समाज सेवी ओ.पी.मिश्रा, सेवानिवृत्त प्राचार्य, कांतीलाल जी मेहता, समाज सेवी राधावल्लभ जी, खण्डेलवाल, खुशालसिंह पुरोहित, पर्यावरणविद, विनोद मेहता ,सुरेन्द्र सुरेखा जी, अमृतलाल जी, राजेन्द्र पोरवाल, विनोद राठौर, इकका बैलूत, अनिल कटारिया, मदन शर्मा, रहे। उपस्थित समाज सेवीयो नेवेटलैंड के प्रति लोगो को जागरुक करते हुऐ कहा की नमी या दलदली भूमी को आद्रभूमी या वेटलैंड कहा जाता है। विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने कहां अमृतसागर तालाब प्राचीन तालाब है। किसी समय यह शहर का बड़ा तालाब हुआ करता था, लेकिन लगातार अनदेखी के कारण आज यह दुर्दशा का शिकार है। नगर निगम के प्रयासों से इस तालाब के संरक्षण की बड़ी योजना बनी है जो जल्द ही साकार रुप लेगी। इसके साथ ही नागरिकों को भी इस तालाब के साथ ही शहर के प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए। इस कार्यक्रम का संचालन शेलेन्द्र गोठवाल ने किया। नगर पालिका निगम की ओर से सहायक यंत्री अरविन्द दशोत्तर, अनिल पारा उद्यान पर्यवेक्षक, विक्रमसिंह गेहलोत, जितेन्द्र , पवन, ईशवर, जगदीश, बाबु वरदा, पुष्कर मोहन, मनोहर नंदराम, सीमा दिनेश, कैलाश गणपत, मुकेश लक्षमणदास आदि उपस्थित रहे।

E-News Letter
रतलाम
नगर पालिक निगम

# निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा दीनदयाल रसोई केन्द्रों का निरीक्षण

रतलाम २२ फरवरी । माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान की पहल पर दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के तहत हर गरीब को सस्ता व पौष्टीक भोजन उपलब्ध कराने हेतु निगम द्वारा सिविक सेन्टर व त्रिपोलिया गेट पर प्रारंभ किये जाने वाले रसोई केन्द्र का निगम आयुक्त श्री झारिया ने निरीक्षण किया।



सिविक सेन्टर स्थित रसोई केन्द्र क्रमांक 1 के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि खाद् सामग्री की सफाई करवाई जाये साथ ही केन्द्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, शेष रंगाई पुताई आदि का कार्य 24 फरवरी तक पूर्ण करवा लिया जाये।

इसके अलावा रसोई केन्द्र के सामने समतलीकरण व साफ–सफाई के भी निर्देश संबंधित को दिये। रसोई केन्द्र क्रमांक 2 त्रिपोलिया गेट के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि केन्द्र में किये जा रहे मरम्मत, रंगाई–पुताई, बैठक सहित अन्य कार्य 2 दिवस में पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित को दिये।निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, सिटी मैनेजर श्री नितिन तिवारी, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान ने किया दीनदयाल रसोई योजना का लोकार्पण

लोकार्पण कार्यक्रम का सिविक सेन्टर में होगा सीधा प्रसारण दीनदयाल अन्त्योदय रसोई योजना के तहत मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराजसिंह जी चौहान की पहल पर हर गरीब को सस्ता एवं पौष्टिक भरपेट भोजन उपलब्ध कराये जाने हेतु आज 26 फरवरी शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से सिविक सेन्टर, डॉ0 अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड व त्रिपोलिया गेट पर दीनदयाल रसोई योजना प्रारंभ की जा रही है। दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना शुभारंभ मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराजसिंह जी चौहान द्वारा दोपहर 03:00 बजे भोपाल के मिन्टो हॉल से किया जायेगा जिसका सीधा प्रसारण सिविक सेन्टर पर किया जायेगा जिसमें जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, नागरिक व हितग्राही सादर आमंत्रित है।





नगर निगम द्वारा जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, नागरिक व हितग्राहियों से अपील की जाती है सिविक सेन्टर में किये जाने वाले सीधे प्रसारण में मास्क लगाकर व शारीरिक दूरी बनाकर माननीय मुख्यमंत्री जी श्री शिवराजसिंह जी चौहान द्वारा किये जाने वाले शुभारंभ कार्यक्रम को देखे व सुने। कार्यक्रम पश्चात सभी आमंत्रितजन भोजन हेतु भी सादर आमंत्रित है। दीनदयाल रसोई योजना के तहत हर गरीब को मात्र 10/– रूपये में प्रति दिवस के मीनू अनुसार भोजन प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक रसोई केन्द्रों पर भोजन उपलब्ध कराया जायेगा।





E-News Letter

रतलाम
नगर पालिक निगम

# रतलाम में तीन स्थानों पर दीनदयाल अंत्योदय रसोई का शुभारंभ हुआ

## मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के उद्बोधन को लाइव देखा व सुना गया



दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के तहत 100 नवीन और सुदृढ़ीकृत रसोई केन्द्रो का ई लोकार्पण प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराजसिंह जी चौहान ने भोपाल के मिन्टो हॉल दीनदयाल रसाई योजना पोर्टल का रिमोट से बटन दबाकर किया। आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण राजीव गांधी सिविक सेन्टर स्थित दीनदयाल रसोई योजना केन्द्र क्रमांक 1 पर किया गया जिसे पूर्व निगम अध्यक्ष श्री अशोक पोरवाल के अलावा श्री मनोहर पोरवाल, श्री निर्मल कटारिया, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश व्यास, श्री जी.के. जयसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री श्री ब्रजेश कुशवाह, सिटी मैनेजर श्री नितिन तिवारी, श्री कपील मारोठिया, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान के अलावा श्री राकेश परमार सहित हितग्राही आदि ने देखा व सुना।

माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा किये गये लोकार्पण के तहत नगर निगम द्वारा राजीव गांधी सिविक सेंटर, डॉ0 अंबेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड तथा त्रिपोलिया गेट पर दीनदयाल रसोई आरंभ की गई जहां गरीब, निर्धन व जरूरतमंद व्यक्तियों को 10 रूपए में भरपेट भोजन थाली की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के बाद तीनो रसोई केन्द्रो की शिलालेख पट्टिकाओं का अनावरण किया गया। कार्यक्रम पश्चात दीनदयाल अंत्योदय रसोई प्रारंभ करते हुए निर्धन व्यक्तियों को भोजन परोसा गया जिसके तहत राजीव गांधी सिविक सेन्टर पर 75, त्रिपोलिया गेट पर 69 व डॉ0 अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड पर 14 इस तरह कुल 158 व्यक्तियों ने भोजन ग्रहण किया। वर्तमान में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक राष्ट्रीय अवकाश, होली तथा रविवार छोड़कर प्रतिदिन 10 रूपए में भोजन की थाली उपलब्ध कराई जाएगी जिसमें दाल, चावल, सब्जी, रोटी, कढ़ी मिलेगी।

## नगर को पॉलीथीन व डिस्पोजल मुक्त करने हेतु बर्तन व झोला बैंक प्रारंभ

**रतलाम नगर को पह्लीथीन व डिस्पोजल से मुक्त करने हेतु नगर निगम द्वारा अहम कदम उठाते हुए बर्तन बैंक व झोला बैंक की स्थापना की जिसका उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया ने फीता काटकर किया।**




रतलाम नगर को डिस्पोजल से मुक्त करने हेतु मेरी सहेली महिला मंडल के द्वारा सिविक सेन्टर के आई ब्लॉक में बर्तन बैंक का संचालन किया जा रहा है। बर्तन बैंक प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य है कि घरों में होने वाले छोटे–छोटे कार्यक्रम, जन्म दिवस आदि में उपयोग होने वाले डिस्पोजल पर रोक लगाना है नागरिक डिस्पोजल का उपयोग ना करते हुए बर्तन बैंक से बहुत ही कम दर पर थाली, कटोरी , चम्मच इत्यादी प्राप्त कर अपने कार्यक्रम पूर्ण कर सकते जिससे रतलाम नगर डिस्पोजल मुक्त होकर स्वच्छ व सुन्दर होगा। इसी तरह रतलाम नगर को पॉलीथीन मुक्त बनाने हेतु नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित तेजस्वनी कैफे पर झोला बैंक प्रारंभ किया गया है। नागरिक पॉलीथीन का उपयोग ना करते हुए यहां से बहुत ही कम दर पर पुराने कपड़ो से निर्मित झोले (थैली) प्राप्त कर सकते हैं या अपनी आवश्यकतानुसार बनवा सकते है। झोला बैंक का संचालन राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत पंजीकृत तेजस्वी क्षेत्रिय महिला विकास मण्डल द्वारा किया जा रहा है।

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिक निगम

# रिलायंस जियो ने 2000 मास्क दान किये




रतलाम 09 फरवरी । कोरोन वायरस (कोविड–19) के संक्रमण की रोकथाम हेतु जरूरतमंद व्यक्तियों मास्क उपलब्ध कराये जाने हेतु रिलायंस जियो के एरिया मैनेजर श्री युद्धवीरसिंह ने उपायुक्त श्री विकास सोलंकी को कम्पनी की ओर से 2000 मास्क जरूरतमंद व्यक्तियों हेतु प्रदान किये।

# दिव्यांगजन युडीआईडी प्रमाण पत्र हेतु दस्तावेज जमा करावें

समस्त श्रेणी के दिव्यांगजन यु.डी.आई.डी. प्रमाण–पत्र बनवाने हेतु नगर निगम विकास शाखा स्थित पेंशन शाखा में आवश्यक दस्तावेज पासपोर्ट साईज फोटो, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, समग्र आई.डी. , निःशक्त प्रमाण–पत्र, मोबाईल नम्बर तत्काल कार्यालयीन समय में जमा करावें ।

# कचरा पृथक्कीकरण हेतु नागरिक एवं दुकानदारों को रखने होंगे 4 डस्टबीन



खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालो पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी अतिक्रमण व गंदगी करने पर होगा जुर्माना नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत कचरा पृथक्कीकरण हेतु 4 डस्टबीन नहीं रख रहे है व दुकानों के सामने गंदगी व अतिक्रमण कर रहे। उन पर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिक निगम

# अब सायरन के साथ शुरु होगी अब शहर में सफाई

**व्यापारिक क्षेत्र में सुबह और दोपहर में सुनाई देगी सायरन की आवाज निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की बैठक में दिये निर्देश शहर में सुबह और दोपहर के समय सफाई शुरु होती है, इसकी जानकारी आमजन तक पहुचाने के लिए नगर निगम रतलाम रविवार से एक नया प्रयोग शुरु करने जा रही है जिसके चलते सुबह 6.30 बजे और दोपहर 2.30 बजे सायरन की आवाज सुनाई देगी। प्रथम चरण में यह प्रयोग व्यापारिक क्षेत्रों से शुरु किया जा रहा है।**

## नागरिकों को स्वच्छ और सुंदर रतलाम का संकल्प

शहर के छह लाख हाथ बनाएगें, रतलाम को स्वच्छ और सुंदर स्वच्छता को लेकर नजरिया बदलना होगा बच्चे स्वच्छता के प्रति परिवार को जागरुक करे स्वच्छता हमे अनेक बीमारियों से बचाती है शहर को कचरा और प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहयोग करे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने और स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर–1 बनाने के तमाम प्रयास नगर निगम प्रशासन निरन्तर करता आ रहा है।




अब इसमें नागरिकों की भी भागीदारी बढ़ी है, मगर इस भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाने की जरुरत है। रतलाम में बसने वाले करीब तीन लाख लोगों के छह लाख हाथ जब स्वच्छता के लिए उठेगे तो शहर देश में एक अलग मुकाम हासिल कर लेगा। उक्त विचार नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अलकापुरी बगीचे में आयोजित रतलाम स्वच्छता अभियान समिति द्वारा स्वच्छ एवं निरोग अभियान' को मिशन के रूप में चलाए गए शिविर के समापन अवसर पर व्यक्त किए। आयुक्त श्री झारिया ने कहां कि शहरवासियों को संकल्प लेना होगा कि हम अपने घर और दुकानों के कचरे को सडक, नाले व नालियों में नही फेंकेगे। अपने कचरे का निपटान कचरा गाडियों में ही करेगे।

उन्होने कहां कि कई बार शिकायते रहती है कि वार्डो में कचरा गाडियां देरी से आती है या एक दिन छोडकर आती है, ऐसी शिकायतों के दर्ज करने के लिए एक कंट्रोल रुम तैनात किया जाकर दूरभाष रखा जाएगा जिस पर नागरिक अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए अपनी समस्या का हल करवा सकते है।

श्री झारिया ने कहां कि शहर की स्वच्छता और सुंदरता में चार चांद लगाने के लिए अब नागरिकों को पूरजोर तरीके से सहयोग करना होगा ताकि हमारे रतलाम शहर का नाम देश में नम्बर–1 के मुकाम पर पहुच सके। इस मौके पर श्री झारिया ने कहा कि अनोखीलाल कटारियाजी ने कोरोना जैसी महामारी में निःशुल्क दवा देने के लिए शिविर लगाकर लोगों को सेहत के साथ ही स्वच्छता के लिए जागरूक करने के बेहत्तर काम किया है। इसके लिए ये बधाई के पात्र है।



स्वच्छता अभियान समिति के अध्यक्ष अनोखीलालजी कटारिया ने कहां कि वे शहर की स्वच्छता और सुंदरता को लेकर विगत वर्षो से सक्रिय है और आगे भी नगर निगम के प्रयासों में हम सहभागिता निभाने के लिए तत्पर है।हमारा शहर स्वच्छ रहे और यहां के नागरिक स्वस्थ्य रहे ऐसे प्रयास समिति हमेशा तत्पर और तैयार है। यहां सफाई मित्र समूह के सदस्यों द्वारा तैयार की गई रांगोली के निकट सभी ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की भी शपथ ली।

रतलाम को नम्बर 1 बनाने की जानकारी देने आए विशेषज्ञों ने निगम अधिकारी–कर्मचारी, पत्रकार और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारी देकर रतलाम को स्वच्छ और सुंदर बनाने के तरीके सहज और सरल तरीके से समझाते हुए कहां कि स्वच्छता क्रांति में शहर के हर व्यक्ति को जोड़ा जाना चाहिए। स्पर्धाओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया

**स्वच्छ रतलाम, स्वस्थ्य रतलाम की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान रांगोली, क्विज, मेंहदी, भाषण सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन स्पर्धाओं के निर्णायक डॉ.शहनाज सैय्यद, डां.पिंकी बोरीवाल, चेतना गेहलोत और उषा लिम्बोदिया रहे।**



स्पर्धाओं के परिणामों में मेंहदी प्रतियोगिता में तनीषा धवन,मानी , अशुमंन चौहान,आशिया को पुरुस्कृत किया गया। इसी तरह रांगोली प्रतियोगिता में पीहू परमार, टिवंकल बरखा पाटीदार, रोशनी कुरैशी, संध्या तिलोदिया और सानिया कुरेशी को पुरुस्कृत किया गया। भाषण, क्विज आदि स्पर्धाओं में श्रीमती प्रेमकुंवर सिसोदिया, अनिता जोशी, ब्रजकुंवर राठोर, इन्दुबाला राठोर, ममता कैथवास, बरखा घारु, दुर्गा गेहलोत, प्रेमलता सांकला, अर्चना राठोर, लक्ष्मी परमार, आरती जारवाल, कुसमलता वर्मा अनिता सोनी और अनिता सिसोदियां को पुरुस्कृत किया गया है।




स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर–1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले–नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले–नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि वार्डो की समुचित साफ–सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निश्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो में साफ–सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

## स्वच्छता में सहयोग भी देशभक्ति और जनसेवा है- श्रीसोंलकी

महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। स्वच्छता कार्य में सहयोग करना भी देशभक्ति और जनसेवा से जुड़ा काम है। अगर हर नागरिक विशेषकर युवा स्वच्छता में भागीदारी निभाएगें तो रतलाम स्वच्छ के साथ ही स्वस्थ्य भी रहेगा। अब नागरिक भी इसमे अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाए। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत प्रत्येक नागरिक अपना फीडबैक सकारात्मक भावना के साथ दे।



# गुलमोहर कालोनी को मिला सबसे स्वच्छ कालोनी का अवार्ड

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने कालोनी समिति को शील्ड प्रदान की




स्वच्छता संकल्प देश का हर रविवार विशेष थीम के तहत गुलमोहर कालोनी में आयोजित ''गंदगी पर प्रहार हम है तैयार'' कार्यक्रम में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने गुलमोहर कालोनी को रतलाम नगर की सबसे स्वच्छ कालोनी का अवार्ड कालोनी समिति को प्रदान किया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत के रविवार को युवा खिलाडियों ने हिस्सा लिया




उक्त विचार रविवार को स्थानीय नेहरु स्टेडियम में आयोजित स्वच्छता संकल्प देश का विषय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान आशुतोष क्रिकेट क्लब के पदाधिकारी और खेल प्रशिक्षक श्री अनुज शर्मा ने युवा खिलाडियों की उपस्थिति में व्यक्त किए।

E-News Letter
# रतलाम
नगर पालिक निगम

# 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग प्रतिबंधित उपयोग व भण्डारण पर होगी जब्ती व लगेगा दण्ड







राम मंदिर क्षेत्र में दुकानदारो व फुटकर व्यवसायियों से जब्त की पॉलीथीन शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किया गया है।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल– फ्रुट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते हैं तो उन पर 50 रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह दुकानदारो द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है तो उस पर 5000/– रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा राम मंदिर क्षेत्र में दुकानदार, फुटकर व्यवसायियों व सब्जी विक्रताओं से 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन जब्त कर भविष्य में उपयोग ना करने की समझाईश दी। नगर के नागरिक, दुकानदार व फुटकर व्यापारियों से अपील की जाती है कि वे 50 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व प्लास्टिक का उपयोग व भण्डारण ना करें

| |
|---|
| 20 – 13 फुटकर व्यवसायियों से 10 किलो पॉलीथीन जब्त कर किया जुर्माना |
| 23 –12 पॉलीथीन जब्त गंदगी करने व पॉलीथीन उपयोग करने 23 व्यक्तियों पर |
| 24 – 31 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन कर 18 किलो पॉलीथीन जब्त |
| 25 – 10 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन कर 8 किलो पॉलीथीन जब्त |
| 26 – 10 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन कर 7 किलो पॉलीथीन जब्त |

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिक निगम

# निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने लगवाया कोरोना का टीका



फ्रंट लाईन वर्करो को लगाये जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत डॉ0 अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड में नगर निगम के मैदानी व कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कोरोना का टीका लगवाया।

फ्रंट लाईन वर्करो को लगाये जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने डीआरपी लाईन स्थित कोविड वेक्सीन सेंटर 21 में कोरोना का टीका लगवाया। इसके अलावा उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्यामसोनी, उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी डीआरपी लाईन स्थित कोविड वेक्सीन सेंटर 21 सहित अन्य सेन्टरों पर कोरोना का टीका लगवाया।




# आमजन की सहभागिता से रतलाम को मिला ओडीएफ++ का खिताब


स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर 1 बनाने के प्रयासो को पंख लगने लगे है। इसी के तहत हुए सर्वे में शहर को ओडीएफ++ घोषित किया गया है। इस उपलब्धि पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कहा कि यह नगर निगम की टीम के साथ ही आमजन की सहभागिता का परिणाम है। नगर को मिले ओडीएफ++ खिताब को लेकर किए गए प्रयासों का निरीक्षण उज्जैन व भोपाल के विशेषज्ञों की टीम ने किया था, और निरीक्षण के दौरान स्वच्छता को लेकर नगर निगम द्वारा किए गए कार्यो की सराहना की थी। रतलाम को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के इन्ही प्रयासों के चलते शहर के गांधीनगर, जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, राजगढ़ नयागांव, राकुटी, इंदिरा नगर, पंत नगर, रिटायर्ड कालोनी, डालूमोदी बाजार, धानमण्डी, चौमुखीपुल, चांदनी चौक, अमृत सागर उद्यान, एसटी स्टीफन क्षेत्र, कालिका माता उद्यान, कालिका माता मंदिर क्षेत्र, महू रोड, बस स्टैण्ड, महावीर नगर, अमृत सागर तालाब, झाली तालाब, अम्बेडकर नगर, अम्बिका नगर, मौमिनपुरा, मोहन नगर, 80 फीट रोड, त्रिवेणी क्षेत्र, अम्बेडकर मैदान, नगर निगम क्षेत्र महू रोड, बस स्टैण्ड, नजरबाग, जिला अस्पताल क्षेत्र व भुट्टा बाजार क्षेत्र में टायलेट से लेकर क्षेत्र में गंदगी नहीं पाई गई।



नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार अपनी दुकानों में गीले कचरे अर्थात कीचन में बनी हुई खाद्य सामग्री, फल–सब्जी के छिलके, घांस व पेड़ की पत्तियां, राख, चाय पत्ती, बचा हुआ खाना आदि के लिये हरा डस्टबीन




सूखा कचरा अर्थात पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि के लिये नीला डस्टबीन



घरेलू हानिकार कचरे के लिये पेन्ट के डिब्बे, पेस्टीसाइड के डिब्बे, सीएफएल, ट्यूबलाईट, थर्मामीटर, बैटरी आदि के लिये काला डस्टबीन



मेडिकल वेस्ट अर्थात् सेनेटरी नेपकीन, डायपर, सुई, सिंरिज, मास्क, ग्लब्स, पीपीई कीट आदि के लिये पीला डस्टबीन

रखकर अपने घरों एवं दुकानों तथा प्रतिश्ठानों में ही कचरे का पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागों में डालकर कचरा पृथक्कीकरण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। जो नागरिक या दुकानदार उक्तानुसार कचरे का पृथक्कीकरण नहीं करेगा व खुले में कचरा डालने वालो उन पर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी।



नागरिक एवं दुकानदार खुले में कचरा डालेंगे तो उन पर भी नगर निगम अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। नगर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीव कैमरों के माध्यम से खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालों पर कन्ट्रोल रूम पर निगरानी रखी जा रही है। नगर निगम की टीम संबंधित के घर एवं दुकानों पर जाकर 5000–5000 हजार का जुर्माना करेगी।

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिक निगम

# निगम आयुक्त श्री झारिया ने ली टी.एल. बैठक



सिविक सेन्टर स्थित तरणताल (स्वीमिंग पुल) के पीछे स्थित मिटिंग हॉल में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक टी.एल. बैठक लेकर कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि जिस विभाग में सी0एम हेल्थ लाईन की शिकायत लंबित है उनका समय–सीमा में निराकरण करवाकर शिकायत बंद करावें साथ ही 100 व 300 दिवस से उपर की लंबित शिकायते है उन्हे 2 दिवस में अनिवार्य रूप से कटवाना सुनिश्चित करें।





इसके अलावा लोक सेवा से संबंधित नगर निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाऐं प्राथमिकता से नागरिकों को दिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया साथ ही संबल योजना के प्रकरणों का श्रम विभाग व नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, प्र0 कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी0के0 जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, श्री एम.के. जैन, प्रभारी जलप्रदाय श्री सत्यप्रकाश आचार्य, प्रभारी उद्यान विभाग श्री अरविन्द दशोत्तर, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, निगम सचिव श्री जसवन्त जोशी, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र शर्मा, प्रभारी पेंशन श्री जगदीश पांचाल, उपयंत्री श्री सिद्धार्थ सोनी, सिटी मैनेजर श्री कपिल मारोठिया, श्री नितिन तिवारी, स्टेनोग्राफर श्री प्रमोद तिवारी, सहायक वर्ग–3 श्री प्रदीप उपाध्याय, सहायक राजस्व निरीक्षक श्री अंजनीप्रसाद मिश्रा आदि उपस्थित थे।

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिक निगम

# पात्र निविदादाताओं को एमआईजी फ्लेट व दुकानों के मिले सहमति पत्र

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने शेष राशि जमा कराने की दी जानकारी





प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. घटक के **अन्तर्गत डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर** में निर्मित नगर पालिक निगम रतलाम के स्वामित्व की दुकान, एम.आई.जी. फ्लेट व महू रोड स्थित डॉ0 श्यामाप्रसाद मुखर्जी बस स्टैण्ड की दुकान हेतु जारी की गई ई–निविदा के माध्यम से पात्र निविदादाताओं निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने शेष राशि जमा कराने हेतु सूचना–पत्र प्रदान किये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने दुकान, एम.आई.जी. फ्लेट के पात्र निविदादाताओं को निगम कार्यालय में आमंत्रित दुकान एवं फ्लेट क्रय करने हेतु बधाई प्रेशित कर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया व शेष राशि जमा कराने हेतु सूचना–पत्र प्रदान किये।इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. घटक के अन्तर्गत डॉ0 श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर के दुकाने व एम.आई.जी. फ्लेट फ्री होल्ड पर विक्रय किये गये है रजिस्ट्री पष्चात् क्रेता को पूर्ण रूप से मालिकाना हक प्राप्त होगा इसके अलावा महू रोड स्थित डॉ0 श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर की दुकान लीजरेंट पर दी जायेगी।

# ईडब्ल्यूएस फ्लेट में शिफ्ट होने हेतु 54 हितग्राहियों को सूचना पत्र जारी

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत डोसीगांव में निर्मित ईडब्ल्यूएस फ्लेट जो कि षिवषंकर कालोनी स्लम बस्ती के 60 हितग्राहियों को आवंटित हुए है व उनकी रजिस्ट्री तैयार हो चुकी तथा ऋण हेतु मारगेज (बंधक नामा) तैयार हो चुका है उन्हे फ्लेट में निवास करने हेतु नगर निगम द्वारा सूचना–पत्र जारी किये गये। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि शिवशंकर कालोनी स्लम बस्ती के 60 हितग्राहियों को ईडब्ल्यूएस फ्लेट आवंटित हुए है जिनमें से 6 परिवार फ्लेट में शिफ्ट हो चुके हैं शेष 54 हितग्राहियों की रजिस्ट्री तैयार कर मारगेज (बंधक नामा) बैंक में रखने हेतु तैयार हो चुका है उन्हे फ्लेट में शिफ्ट होने हेतु सूचना–पत्र जारी किया गया है। हितग्राही शीघ्र फ्लेट में शिफ्ट होकर आधिपत्य प्राप्त करें वहां पानी, बिजली आदि की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा स्लम बस्तियों के शेष हितग्राहियों की मारगेज (बंधक नामा) तैयार होने के बाद आधिपत्य हेतु सूचना–पत्र जारी कि जावेंगे।

# स्ट्रीट वेन्डरों ने डिजिटल ट्रांजेक्शन का प्रशिक्षण प्राप्त किया

पी.एम. स्वनिधी के तहत ऋण प्राप्त स्ट्रीट वेन्डरों को "मैं भी डिजिटल हूँ" अभियान के तहत डिजिटल ट्रांजेक्षन का प्रषिक्षण नगर निगम सभागृह में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी की उपस्थिति में दिया गया।




मैं भी डिजिटल हूँ अभियान के तहत पी.एम. स्वनिधी योजनान्तर्गत ऋण प्राप्त करने वाले स्ट्रीट वेन्डरों को बैंक मैनेजरो द्वारा डिजिटल ट्रांजेक्षन का प्रषिक्षण देते हुए बताया इससे आप रूपयो का लेन–देन कर सकते हैं इसमें समय भी कम लगने के साथ सुविधाजनक होता है साथ ही ऋण वापसी में भी यह सहयोगी होगा। इस अवसर पर हितग्राहियों को आई कार्ड स्वरूप् बार कोड व कोरोना से बचाव हेतु मास्क का वितरण किया गया।

इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया बजाज खाना बैंक जिला समन्वय श्री राम राजेन्द्र मणी, झोन अधिकारी तरन्नुम खान, मार्केट अधिकारी श्री आनन्द, सिटी मैनेजर श्री नितिन तिवारी श्री कपील मारोठिया सहित हितग्राही उपस्थित थे।

E-News Letter
रतलाम
नगर पालिक निगम

# निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा सीवरेज व अमृत मिशन के कार्यों की समीक्षा

नगर में अमृत मिशन योजना के तहत चल रहे कार्यो की समीक्षा निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने योजना के वाप्कोस कम्पनी के मुख्य तकनीकी सलाहकार श्री कृशण फड़के, रेसीडेन्ट इंजीनियर श्री संदीप बाथम, फील्ड इंजीनियर श्री वैभव श र्मा, जयवरूडी इन्फ्राकोन के प्रोजेक्ट इंजीनियर श्री हरेश  डामोर, स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज (नाला) के ठेकेदार श्री नलीन पटेल, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, निगम कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश चन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी व उपयंत्रियों के साथ की।



स्टार्म वॉटर ड्रेनेज (नाला) प्रोजेक्ट की समीक्षा के दौरान कार्य की प्रगति तथा अवरोधो के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्य 31 मार्च तक निष्चित रूप से पूर्ण करने के निर्देश  दिये गये। स्टार्म वॉटर ड्रेनेज (नाला) प्रोजेक्ट का संषोधित डीओक्यू शीघ्र तैयार कर शा सन को प्रेशित किये जाने के निर्देश  निगम आयक्त श्री झारिया ने समीक्षा बैठक में दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में निर्देषित किया कि नालों का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर ऐसे स्थल जहां नाले की दीवार के बनने बाद अधिक स्थान उपलब्ध हो वहां पर हरियाली विकसित करने हेतु चिन्हीत किया जाये क्योंकी सीवरेज प्रारंभ होने के बाद नालों में सिर्फ बरसाती पानी ही बहेगा घरो का नहीं। सीवरेज प्रोजेक्ट की समीक्षा में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देश  दिये कि योजना कार्य 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाये। पीडीएमसी द्वारा बताया गया कि मात्र 13 किलोमीटर सीवर लाईन बिछाई जाना शेष  है। सैलाना मुख्य मार्ग के सहारे सीवर लाईन बिछाने हेतु एमपीआरडीसी की स्वीकृति नही मिलने पर निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा पूर्व के पत्राचार संबंधी नस्ती उपलब्ध कराने के निर्देष दिये गये। गुलमोहर कालोनी, राजस्व कालोनी सहित अन्य क्षेत्र जहां सीवरेज लाईन बिछाये जाने में अड़चने आने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने गुलमोहर कालोनी कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री बलवंत भाटी, राजस्व कालोनी के पत्रकार श्री तुशार कोठारी सहित क्षेत्रों के नागरिकों को आमंत्रित किया व चर्चा कर समस्या का निराकरण किया।शहर  के बचे हुए क्षेत्रों में सीवर लाईन का कार्य तत्काल प्रारंभ कर पूर्ण करने के निर्देष निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में दिये साथ ही आमजन को कम से कम असुविधा हो सके लिये पर्याप्त बेरिकेटिंग करने, वैकल्पिक मार्ग का चिन्हांकन करने तथा नियत समय–सीमा में रिस्टोरेषन का कार्य करने के निर्देष संबंधित को दिये। कार्य स्थल पर कार्य पूर्णता की संभावित दिनांक का बैनर लगाने, बदल मार्ग आदि के सूचना पट्ट लगाये जाने के भी निर्देष बैठक में दिये गये। सीवरेज का कार्य पूर्ण होने पर एसटीपी प्लांट में ट्रीटेड वॉटर के रियूज के संबंध में भी चर्चा की गई।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही

## अनुपस्थित 4 मालियों को कारण बताओ सूचना-पत्र

कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित नीरज–कन्हैयालाल, राकेश– बजरंगलाल, ईश्वर –तेजराम व राजेश–अम्बाराम का वेतन काटे जाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना–पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया।

## लाईनमैन मनीष निनामा का एक दिन का वेतन काटा

प्रकाश विभाग के लाईनमैन मनीष पिता लालुराम निनामा जिनकी ड्यूटी जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर फटका एवं बैलिंग मशीन पर लगाई गई थी बिना सूचना के अनुपस्थित रहने व कार्य में लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया गया।

## दरोगा व सफाई कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटा

धनजीभाई के नोहरे में सफाई उपरान्त कचरा नहीं उठाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दरोगा दिनेश–मोतीलाल व सफाई संरक्षक रानीबाई–विनोद एक दिवस का वेतन काटा जाकर में कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया जाकर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया है।

## वार्ड प्रभारी व ड्रायवर को सेवा से बर्खास्त किया
## शरद खरे को वार्ड ३६ का प्रभारी नियुक्त किया गया

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 26 के कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर मुकेश द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित रहने व वार्ड क्रमांक 31 में कचरे के ढेर पाये जाने पर वार्ड प्रभारी दिनेश–बंशी का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया गया।इसके अलावा वार्ड क्रमांक 36 स्थित कालिका माता, पुराने कलेक्टोरेट व अन्य स्थानों पर सफाई नहीं पाये जाने पर वार्ड प्रभारी संजय डिंडोर को हटाया जाकर झोन क्रमांक 2 पर नियुक्त किया गया व झोन क्रमांक 2 शरद खरे को वार्ड 36 का वार्ड प्रभारी नियुक्त किया गया।

## गंदगी पाये जाने पर 3 वार्ड दरोगा व 1 ड्रायवर को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी

स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर–1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले–नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले–नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार पोलोग्राउण्ड क्षेत्र में गंदगी पाये जाने पर वार्ड दरोगा अमर चौहान, उंकाला रोड़ क्षेत्र में गंदगी पाये जाने पर वार्ड दरोगा राकेष लड्डू , महू रोड बस स्टैण्ड क्षेत्र में गंदगी पाये जाने पर विजय भाटी व वसीम का एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया गया।

## दो ड्रायवरो को कारण बताओ सूचना-पत्र

नगर निगम द्वारा निगम के कचरा संग्रहण वाहन तय रूट पर नहीं ले जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 2 ड्रायवरों का एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना–पत्र जारी किया गया। वार्ड क्रमांक 3 व 5 के कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर रणवीर व राकेश द्वारा तय रूट पर वाहन नहीं ले जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ज्ञातव्य है कि नगर निगम कचरा संग्रहण वाहनों पर जीपीएस सिस्टम से निगरानी रखी जाकर समय पर व तय रूट पर वाहन नहीं ले जाने पर ड्रायवर व क्लीनरों को दण्डित किया जा रहा है।

## अनुपस्थित 4 मालियों को कारण बताओ सूचना-पत्र

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 25 फरवरी गुरूवार को कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित नीरज–कन्हैयालाल, राकेश– बजरंगलाल, ईश्वर –तेजराम व राजेश–अम्बाराम का वेतन काटे जाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना–पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया।

# नगर निगम तिराहे से हटाया अतिक्रमण

## अतिक्रमण सामग्री जब्त कर चार दुकानदारों पर किया जुर्माना

नगर तिराहे पर दुकानदरों द्वारा अवैध रूप से बनाये गये छज्जे, अवैध गुमटी व दुकान के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन व पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में अतिक्रमण को हटाया जाकर दुकानदारों पर जुर्माना किया गया। नगर निगम तिराहे के सामने दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से छज्जे निकाले हुए थे साथ ही अवैध गुमटी भी लगाई हुई थी इसके अलावा अपनी दुकान के बाहर सामग्री रखकर अतिक्रमण करने से यातायात प्रभावित होने से निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशन में अतिक्रमण को हटाया जाकर संबंधित दुकानदारों पर जुर्माना भी किया गया

**उक्त कार्यवाही के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार, राजस्व उप निरीक्षक श्री हरीश मिश्रा आदि उपस्थित थे।**

# सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने हेतु नागरिक स्वच्छता एप का उपयोग करें

Ministry of Urban Development
Government of India

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छाग्रही
स्वच्छ भारत हेतु प्रतिबद्ध




रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता ए‍प कीजानकारीनिगमकर्मियों व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को दी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के लिये रतलाम नगर के नागरिक सफाई संबंधी शिकायत स्वच्छता एप दर्ज कराने के लिये अपने एन्ड्रोयड मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर में जाकर स्वच्छता एप टाईप करें, उसके पश्चात एप को इन्सटाल करें। इन्सटाल करने के बाद एप्लीकेशन ओपन करके अपना मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद अपना जीपीएस ऑन करें इसके बाद आपकी सफाई संबंधी शिकायत का फोटो लेकर अपलोड करें। अपलोड की गई शिकायत नगर निगम के पास आयेगी ओर उसका तत्काल निराकरण किया जायेगा।

# गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण की दी समझाइश स्वच्छता के लिये नगारिक फीडबैक दे रहे हैं




निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर के समस्त घरों, दुकानों आदि से 100 प्रतिशत गीला एवं सूखा कचरा पृथक–पृथक संग्रहित किये जाने हेतु नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम आस्था के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने गीला व सूखा कचरा पृथक–पृथक रखने की समझाईश दी जा रही है। नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम डिवाईन के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु घरों एवं दुकानों में पृथक– पृथक कचरा पात्र रखकर पृथक–पृथक कचरा एकत्रिकरण व गीले एवं सूखे कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागों में डालने की समझाईश दी साथ ही नागरिकों से स्वच्छता हेतु स्वच्छता एप पर सिटीजन फीडबैक लिया।

E-News Letter
रतलाम
नगर पालिक निगम

# जुलवानिया टेचिंग ग्राउण्ड व अटल उद्यान का निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा निरीक्षण




स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बने इस हेतु नगर निगम द्वारा त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है जिसके तहत निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने जुलवानिया टेचिंग ग्राउण्ड व करमदी रोड स्थित अटलउद्यान का निरीक्षण पीआईयू उज्जैन संभाग के डॉ0 हिमांशु शुक्ला, श्री सुशील व निगम अधिकारियों के साथ किया।निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने पीआईयू उज्जैन संभाग के डॉ0 हिमांशु शुक्ला, श्री सुशील को जुलवानिया टेचिंग ग्राउण्ड पर कचरे से बनाई जा रही खाद का अवलोकन कराया तथा कचरा पृथक्कीकरण व वृह्द स्तर पर खाद बनाने हेतु चर्चा की गई। इसके अलावा कचरा पृथक्कीकरण हेतु लगाई गई फटका व बेलिंग मशीन का अवलोकन कर निर्देशित किया कि कचरा पृथक्कीकरण व खाद बनाने के कार्य में और अधिक तेजी लाई जाये।



करमदी रोड स्थित टेचिंग ग्राउण्ड पर निगम द्वारा विकसित किये गये उद्यान का अवलोकन निगम आयुक्त श्री झारिया ने डॉ0 हिमांशु शुक्ला, श्री सुशील को करवाकर बताया कि निगम द्वारा यहां पर कचरे के ढेर पर उद्यान विकसित किया गया है जिससे कचरे का निपटान होने के साथ ही नगर के नागरिको को शहर का सबसे बड़ा उद्यान प्राप्त हुआ। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त नगर पालिक निगम रतलाम व परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण श्री निशीकान्त शुक्ला, प्रभारी सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, श्री एम.के. जैन, प्रभारी जलप्रदाय श्री सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री सर्वश्री बी.एल. चौधरी, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान, श्री पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे।

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिक निगम

# गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक काम्पेक्टर में होगा एकत्रित

निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर–घर से पृथक– पृथक एकत्रित किया गया गीला व सूखा कचरा जुलवानिया टेचिंग ग्राउण्ड पर पृथक–पृथक पंहूचे इस हेतु अमृत सागर स्थित ट्रांसफर स्टेषन पर 2 काम्पेक्टर वाहन लगाये गये है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि ट्रांसफर स्टेषन पर लगाये गये एक काम्पेक्टर में गीला व दूसरे काम्पेक्टर में सूखा कचरा निगम के कचरा संग्रहण वाहनों से एकत्रित किया जाकर जुलवानिया टेंचिग ग्राउण्ड पर पृथक–पृथक डाला जायेगा।





# निगम के कचरा संग्रहण वाहनों की जीपीएस से रखी जा रही है निगरानी

नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से घर-घर से कचरा संग्रहण किया जा रहा है इस कार्य में ओर गति लाये जाने हेतु कचरा संग्रहण वाहनों पर जीपीएस सिस्टम से निगरानी रखी जा रही है।



निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि घर–घर से कचरा संग्रहण हेतु वाहन वार्डो में समय पर पंहूचे व तय रूट पर चले इस हेतु वाहनों पर जीपीएस सिस्टम लगाया गया है। सिविक सेन्टर स्थित मिटिंग हॉल में संचालित एसबीएम सेल से वाहनों पर निगरानी रखी जा रही है। वाहन वार्डो में समय पर नहीं पंहूचने पर संबंधित ड्रायवर व कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा वार्डो व निगम कार्यालय परिसर का निरीक्षण




निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड क्रमांक 1, 7 व 27 का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह भी साथ रहे, वार्डो के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक कर सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वालों पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी देकर रजिस्टर जब्त किये।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रिय नालो में अर्धरात्री में गंदगी फेंकने वालो को चिन्हीत कर कार्यवाही करने व नालियों पर अतिक्रमण सफाई में बाधा पंहूचाने वाले लोगो पर कार्यवाही के साथ मौके पर ही प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्ती कार्यवाही करवाते हुए नागरिकों को समझाईश दी गई। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा शहर में किसी भी प्रकार से स्वच्छता में असहयोग करने वाले नागरिक, दुकानदारों से पेनल्टी व स्पॉट फाईन की कार्यवाही से दण्डित करने को कहा। नगर निगम, छत्रीपुल क्षेत्र में सड़को पर मजमा लगाकर सामान बेचने वालो को अन्यंत्र भेजा जाकर चेतावनी दी।



इसी प्रकार दोपहर निगम प्रांगण का दौरा कर अनुपयोगी वाहनों पर चर्चा की इसी के साथ बंद पडी फायर गाड़ी को जुगाड से चालू करने की सहमति दी गई। निगम प्रांगण में पड़े कबाड़ को व्यवस्थित करने के साथ अन्य आवश्यक निर्देश दिये गये, निगम का नव निर्मित संपत्तिकर काउन्टर जिसमें आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखकर सुविधायुक्त बनाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह आदि उपस्थित रहे।

E-News Letter
# रतलाम
नगर पालिक निगम

## स्वच्छता हेतु वार्डवार नियुक्त पर्यवेक्षकों की निगम आयुक्त श्री झारिया ने ली बैठक



स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने हेतु युद्ध स्तर पर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षकों की बैठक निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने लेकर स्वच्छता के संबंध में आवष्यक दिशा निर्देष दिये।



आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड वार नियुक्त 23 पर्यवेक्षकों को निर्देषित किया कि वे अपने–अपने वार्डो में प्रातः 6 बजे से भ्रमण कर वार्ड में साफ– सफाई, विशेष रूप से सड़को, नालियों की सफाई, उद्यानों की साफ–सफाई व रख– रखाव करवाना, सार्वजनिक दिवारों पर स्वच्छता का संदेष देने वाली वॉल पेंटिग करवाना, सर्वेक्षण के मानक अनुसार वार्डो में साइनेज का कार्य करवाना, वार्डो में उचित दूरी पर डस्टबीन रखवाना, कचरा संग्रहण वाहनों की मॉनीटरिंग करना, कचरा पृथक्कीकरण हेतु नागरिकों को प्रेरित करना, पृथक्कीकरण अवस्था में कचरा टेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाना, वार्डो में आईईसी गतिविधियां संचालित कर नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करना, कचरा संग्रहण वाहनों की जीपीएस ट्रेकिंग करवाना, थोक कचरा उत्सर्जन वाले संस्थानों में उनके ही स्थल पर जैविक खाद निर्माण करवाना, नागरिकों को होम कम्पोस्टिंग किये जाने हेतु प्रेरित किये जाने के निर्देष दिये।

E-News Letter

रतलाम
नगर पालिक निगम

# गंदगी करने पर जुर्माना



नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां–वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।



जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व श्री पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक श्री विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## 1 फरवरी – गंदगी करने पर 26 व्यक्तियों पर जुर्माना

| | |
|---|---|
| 2–गंदगी करने पर 22 व्यक्तियों पर जुर्माना | 5–गंदगी करने पर 14 व्यक्तियों पर जुर्माना |
| 3–गंदगी करने पर 31 व्यक्तियों पर जुर्माना | 6–गंदगी करने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना |
| 4–गंदगी करने पर 31 व्यक्तियों पर जुर्माना | 19–24 व्यक्तियों पर हुआ जुर्माना |

# कचरा पात्र नहीं रखने पर अब फुटकर विक्रेताओं पर भी होगा जुर्माना



नगर को साफ–स्वच्छ रखने हेतु नगर निगम द्वारा नगर के नागरिकों, दुकानदारों आदि से कचरा संग्रहण हेतु कचरा पात्र रखने की अपील के बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे है किन्तु नगर के सब्जी, फल–फ्रुट सहित अन्य सामग्री के फुटकर विक्रेताओं द्वारा कचरा पात्र नहीं रखकर खुले में गंदगी फैलाई जा रही है ऐसे फुटकर व्यापारियों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कालिका माता क्षेत्र के फुटकर व्यापारी द्वारा कचरा पात्र नहीं रखने व खुले में कचरा फेंकने पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत चाणोदिया मटका कुल्फी, राहूल वाघेला, राज माहेष्वरी व षर्मा पाव– भाजी पर 250–250 रूपये का जुर्माना कर भविष्य में कचरा खुले में ना फेंकने व अनिवार्य रूप से कचरा पात्र रखने की समझाईश दी गई।





# निगम द्वारा युद्ध स्तर पर किये जा रहे हैं लीकेज दुरस्त

रतलाम
जल शक्ति
अभियान
संचय जल, बेहतर कल

शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को निरंतर बनाये रखने तथा जलप्रदाय व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाये निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पाईप लाईन व वॉल्व लीकेज दुरस्त करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा 23 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया

"रतलाम जलशक्ति अभियान" व्हाट्स एप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड किया जा रहा है तथा अपलोड़ की गई लीकेज संबंधी समस्या का तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी श्री सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री श्री सुहास पंडित, श्री भैयालाल चौधरी के अलावा श्री नीरज यादव, श्री मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

| | |
|---|---|
| 01 फरवरी 36 वॉल्व व 687 पाईप लीकेज दुरस्ती | 02 फरवरी 138 वॉल्व व 695 पाईप लीकेज दुरस्ती |
| 05 फरवरी 139 वॉल्व व 701 पाईप लीकेज दुरस्ती | 06 फरवरी 139 वॉल्व व 701 पाईप लीकेज दुरस्ती |
| 08 फरवरी 141 वॉल्व व 714 पाईप लीकेज दुरस्ती | 09 फरवरी 142 वॉल्व व 727 पाईप लीकेज दुरस्ती |
| 10 फरवरी 142 वॉल्व व 735 पाईप लीकेज दुरस्ती | 11 फरवरी 142 वॉल्व व 746 पाईप लीकेज दुरस्ती |
| 12 फरवरी 142 वॉल्व व 762 पाईप लीकेज दुरस्त | 13 फरवरी 142 वॉल्व व 775 पाईप लीकेज दुरस्ती |
| 15 फरवरी 143 वॉल्व व 787 पाईप लीकेज दुरस्ती | 16 फरवरी 144 वॉल्व व 797 पाईप लीकेज दुरस्त |
| 17 फरवरी 147 वॉल्व व 808 पाईप लीकेज दुरस्ती | 18 फरवरी 147 वॉल्व व 808 पाईप लीकेज दुरस्ती |
| 19 फरवरी 147 वॉल्व व 831 पाईप लीकेज दुरस्ती | 20 फरवरी 147 वॉल्व व 844 पाईप लीकेज दुरस्ती |
| 22 फरवरी 147 वॉल्व व 851 पाईप लीकेज दुरस्ती | 23 फरवरी 147 वॉल्व व 857 पाईप लीकेज दुरस्ती |
| 24 फरवरी 147 वॉल्व व 861 पाईप लीकेज दुरस्ती | 25 फरवरी 148 वॉल्व व 866 पाईप लीकेज दुरस्ती |

26 फरवरी 148 वॉल्व व 870 पाईप लीकेज दुरस्ती का कार्य पूर्ण

# निगम द्वारा आयोजित शिविरों में नागरिकों ने भरा संपत्तिकर व जलकर




नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे।

आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू– भाटक की बकाया राषि जमा करा सकेगें।

01 फरवरी नागरिकों ने11,55,000/संपत्तिकर व 2,65,805/जलकर जमा कराया

02 नागरिकों ने 14,34,000/– संपत्तिकर व 3,20,495/– जलकर जमा कराया

03 नागरिकों ने 16,62,000/– संपत्तिकर व 3,52,345/– जलकर जमा कराया

04 नागरिकों ने 17,64,000/– संपत्तिकर व 3,76,905/– जलकर जमा कराया

05 नागरिकों ने 18,48,500/– संपत्तिकर व 4,10,205/– जलकर जमा कराया

06 नागरिकों ने 19,46,500/– संपत्तिकर व 4,53,375/– जलकर जमा कराया

07 नागरिकों ने 19,46,500/– संपत्तिकर व 4,53,375/– जलकर जमा कराया

08 नागरिकों ने 20,14,500/– संपत्तिकर व 5,00,970/– जलकर जमा कराया

09 नागरिकों ने 21,31,500/– संपत्तिकर व 5,23,650/– जलकर जमा कराया

10 नागरिकों ने 22,33,144/– संपत्तिकर व 5,78,970/– जलकर जमा कराया

11–नागरिकों ने 23,69,144/– संपत्तिकर व 6,12,760/– जलकर जमा कराया

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | नागरिकों | ने | 25,09,144 /– | संपत्तिकर | व | 6,38,470 /– | जलकर | जमा | कराया |
| 13 | नागरिकों | ने | 25,09,144 /– | संपत्तिकर | व | 6,38,470 /– | जलकर | जमा | कराया |
| 14 | नागरिकों | ने | 25,09,144 /– | संपत्तिकर | व | 6,38,470 /– | जलकर | जमा | कराया |
| 15 | नागरिकों | ने | 26,62,144 /– | संपत्तिकर | व | 6,71,025 /– | जलकर | जमा | कराया |
| 16 | नागरिकों | ने | 27,33,144 /– | संपत्तिकर | व | 6,19,025 /– | जलकर | जमा | कराया |
| 17 | नागरिकों | ने | 28,06,144 /– | संपत्तिकर | व | 6,32,285 /– | जलकर | जमा | कराया |
| 18 | नागरिकों | ने | 29,80,144 /– | संपत्तिकर | व | 6,77,805 /– | जलकर | जमा | कराया |
| 19 | नागरिकों | ने | 32,68,144 /– | संपत्तिकर | व | 7,13,535 /– | जलकर | जमा | कराया |
| 20 | नागरिकों | ने | 32,68,144 /– | संपत्तिकर | व | 7,13,535 /– | जलकर | जमा | कराया |
| 21 | नागरिकों | ने | 32,68,144 /– | संपत्तिकर | व | 7,13,535 /– | जलकर | जमा | कराया |
| 22 | नागरिकों | ने | 32,68,144 /– | संपत्तिकर | व | 7,44,520 /– | जलकर | जमा | कराया |
| 23 | नागरिकों | ने | 36,32,144 /– | संपत्तिकर | व | 7,78,860 /– | जलकर | जमा | कराया |
| 24 | नागरिकों | ने | 37,62,144 /– | संपत्तिकर | व | 7,91,030 /– | जलकर | जमा | कराया |
| 24 | नागरिकों | ने | 37,62,144 /– | संपत्तिकर | व | 7,91,030 /– | जलकर | जमा | कराया |
| 25 | नागरिकों | ने | 39,21,144 /– | संपत्तिकर | व | 8,23,090 /– | जलकर | जमा | कराया |
| 26 | नागरिकों | ने | 40,41,144 /– | संपत्तिकर | व | 8,40,090 /– | जलकर | जमा | कराया |

निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त शिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित शिविरों में बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।



रतलाम नगर को साफ–स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया जा रहा है शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है।








शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरीत है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरीत तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी। नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोडेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान हैं। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/– वसूल करेगा स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए0पी0 सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान, श्री पर्वत हाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।



